# लखनऊ विश्वविद्यालय
# University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

# University in News on 11 August 2023

## HINDUSTAN PAGE 8

### एलयू: एलएलबी-एमबीए का परीक्षा परिणाम जारी

लखनऊ। एलयू में सम सेमेस्टर परीक्षाओं के तहत कई विषयों के नतीजे जारी किए गए हैं। एलएलबी व एमबीए पांच वर्षीय के दसवें सेमेस्टर बीएससी गृह विज्ञान छठे सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि एलयू वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट देख सकते हैं।

**आलिम की प्रवेश परीक्षा 18 को:** एलयू में आलिम प्रवेश परीक्षा 18 अगस्त को होगी। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी 11 अगस्त से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। 18 को मुख्य परिसर में द्वितीय पाली दोपहर तीन से 4:30 बजे तक परीक्षा का आयोजन होगा।

**डिप्लोमा इन अरेबिक परीक्षा 25 को:** एलयू में सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत अरेबिक में प्रोफिशिएंसी, डिप्लोमा के सेमेस्टर-2 का कार्यक्रम जारी किया गया है। प्रोफिशिएंसी इन अरेबिक में 24 को ग्रामर कम्पोजीशन की परीक्षा होगी। डिप्लोमा अरेबिक में 25 को ग्रामर, कम्पोजीशन एंड टेक्स्चुअल स्टडी का पेपर होगा।

### एलयू : लेफ्टिनेंट कमांडर बने प्रोफेसर डीके सिंह

लखनऊ। एलयू के समाज कार्य विभाग के प्रोफेसर डीके सिंह को लेफ्टिनेंट कमांडर रैंक पर पदोन्नत किया गया है। उन्होंने नागपुर के कामटी स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी से रिफ्रेशर कोर्स पूरा किया है। प्रो. सिंह को लेफ्टिनेंट रैंक से लेफ्टिनेंट कमांडर रैंक पर प्रमोशन मिला। प्रो. डीके सिंह लखनऊ विश्वविद्यालय की नेवल एनसीसी के 2004 से एनसीसी अधिकारी हैं।

### इंटरनेशनल सेल के निदेशक बने प्रो. आरपी सिंह

लखनऊ। एलयू में अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर आरपी सिंह को अंतर्राष्ट्रीय सेल का निदेशक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। कुलसचिव का कहना है कि अगले तीन साल तक या अगले आदेश तक वह इस पद पर बने रहेंगे।

## i-NEXT PAGE 4

### शशि प्रभा नोडल अधिकारी नामित

LUCKNOW: लखनऊ विश्वविद्यालय में उप कुलसचिव शशि प्रभा तिवारी को छात्रवृत्ति योजना के सभी कार्यों एवं नेशलन स्कारलशिप पोर्टल पर विद्यार्थियों का बायोमीट्रिक्स के माध्यम से पुन : सत्यापन आदि कार्यों के लिए संस्था हेड व नोडल अधिकारी नामित किया गया है. कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है.

### कुलपति ने किया निरीक्षण

LUCKNOW :लखनऊ विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान गुरुवार को हरदोई के डॉ. हरिशंकर मिश्र महाविद्यालय, विश्राम सिंह महाविद्यालय, दुर्गागंज एवं राम प्रसाद कुशवाहा महाविद्यालय, सांडी का निरीक्षण किया. इस दौरान परीक्षा व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

### प्रो. आरपी सिंह अंतरराष्ट्रीय सेल के निदेशक

LUCKNOW (10 Aug): लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रो. आरपी सिंह को अंतरराष्ट्रीय सेल का निदेशक बनाया गया है. प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में निदेशक अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं अंतरराष्ट्रीय छात्र सलाहकार पदनाम था, लेकिन यूजीसी के दिशा निर्देश से यह परिवर्तित कर दिया गया. उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा. कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से इसका पत्र जारी किया गया.

### प्रो. डीके सिंह बने लेफ्टिनेंट कमांडर

LUCKNOW :लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के प्रो. डीके सिंह को आफिसर ट्रेनिंग एकेडमी, कामटी, नागपुर में रिफ्रेशर कोर्स पूरा करने के बाद लेफ्टिनेंट रैंक से लेफ्टिनेंट कमांडर रैंक पर पदोन्नत किया है.

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### प्रो. डीके सिंह बने लेफ्टिनेंट कमांडर



लखनऊ।लविवि के प्रो डीके सिंह को ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी, कामटी, नागपुर में रिफ्रेशर कोर्स पूरा करने के बाद लेफ्टिनेंट रैंक से लेफ्टिनेंट कमांडर रैंक पर पदोन्नत किया गया है। प्रो. डीके सिंह लखनऊ विश्वविद्यालय के नेवल एनसीसी के 2004 से एनसीसी अधिकारी हैं और लखनऊ विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग में प्रोफेसर भी हैं।

## JAGRAN CITY PAGE I, III

### प्रोफेसर डीके सिंह बने लेफ्टिनेंट कमांडर



लवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के साथ प्रोफेसर डीके सिंह ● लवि

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के प्रोफेसर डीके सिंह को 'आफिसर ट्रेनिंग एकेडमी', कामेटी, नागपुर में रिफ्रेशर कोर्स पूरा करने के बाद लेफ्टिनेंट रैंक से लेफ्टिनेंट कमांडर रैंक पर पदोन्नत किया है। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रो. डीके सिंह लवि के नेवल एनसीसी के 2004 से एनसीसी अधिकारी हैं। (जासं)

### प्रो. आरपी सिंह अंतरराष्ट्रीय सेल के निदेशक बने



प्रो. आरपी सिंह

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर आरपी सिंह को अंतरराष्ट्रीय सेल का निदेशक बनाया गया है। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में निदेशक अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं अंतरराष्ट्रीय छात्र सलाहकार पदनाम था, लेकिन यूजीसी के दिशा निर्देश से यह परिवर्तित कर दिया गया। उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह की ओर से इसका पत्र जारी किया गया। हाल ही में यूजीसी के निर्देश पर यह सेल गठित की गई थी। (जासं)

### शशि प्रभा तिवारी नोडल अधिकारी नामित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में उप कुलसचिव शशि प्रभा तिवारी को छात्रवृत्ति योजना के सभी कार्यों एवं नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर विद्यार्थियों का बायोमीट्रिक्स के माध्यम से पुन: सत्यापन आदि कार्यों के लिए संस्था हेड व नोडल अधिकारी नामित किया गया है। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। (जासं)

### कुलपति ने किया निरीक्षण

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान गुरुवार को हरदोई के डा. हरिशंकर मिश्र महाविद्यालय, विश्राम सिंह महाविद्यालय, दुर्गागंज एवं राम प्रसाद कुशवाहा महाविद्यालय, सांडी का निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। (जासं)

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लविवि प्रोफेसर को लेफ्टिनेंट कमांडर की मानद उपाधि

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डीके सिंह को ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी कामटी नागपुर में रिफ्रेशर कोर्स पूरा करने के बाद लेफ्टिनेंट रैंक से लेफ्टिनेंट कमांडर रैंक पर पदोन्नत करते हुए उन्हें मानद उपाधि से अलंकृत किया है। प्रो. डीके सिंह लखनऊ विश्वविद्यालय के नेवल एनसीसी के 2004 से एनसीसी अधिकारी हैं और सामाजिक कार्य विभाग में प्रोफेसर भी हैं।

### कुलपति ने किया निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यायल के कुलपति आलोक कुमार राय ने गुरुवार को डॉ. हरिशंकर मिश्र महाविद्यालय मलिहामऊ हरदोई का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा व्यवस्था एवं महाविद्यालय की अन्य सुविधाओं को देखा। उन्होंने विश्राम सिंह महाविद्यालय दुर्गागंज बिलग्राम और राम प्रसाद कुशवाहा महाविद्यालय सांडी हरदोई का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कुलानुशासक प्रोफेसर राकेश द्विवेदी, प्रोफेसर अवधेश त्रिपाठी एवं कुलानुशासक मंडल के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### बीएसी, एलएलबी, एमबीए का परीक्षा परिणाम जारी

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालय के बीएससी होम साइंस, एलएलबी और एमबीए का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम लविवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है।

### इंटरनेशनल सेल के डायरेक्टर बने डॉ. आरपी सिंह

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. आरपी सिंह को इंटरनेशन सेल का डायरेक्टर बनाया गया है। कुलपति की संस्तुति के बाद रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिए।

## NBT PAGE 5

### LLB के अंतिम सेमेस्टर के रिजल्ट जारी

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में सम सेमेस्टर 2023 की परीक्षाओं के तहत गुरुवार को एलएलवी के पांच वर्षीय कोर्स के दसवें सेमेस्टर, एमवीए और वीएससी गृह विज्ञान के छठवें सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया है। छात्र वेवसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं।

### निदेशक बने प्रो. आरपी सिंह

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में अंग्रेजी विभाग के प्रो. आरपी सिंह को अंतरराष्ट्रीय सेल का निदेशक नियुक्त किया गया है। इस संवंध में रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने गुरुवार को आदेश जारी कर दिया है। तीन साल तक या अगले आदेश तक प्रो.आरपी सिंह इस पद पर रहेंगे।

### एमकॉम की फीस 13 तक जमा करें

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में पीजी प्रवेश के तहत एमकॉम एप्लाइड इकोनॉमिक्स पाठ्यक्रम की प्रवेश फीस 13 अगस्त तक जमा करनी होगी। अभ्यर्थी अपने पूर्व में दिए गए लॉगइन आईडी व पासवर्ड के जरिए वेवसाइट के ऐडमिशन पेज पर जाकर फीस जमा कर सकेंगे।

### LU : अरेबिक की परीक्षाएं 24 से

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत अरेविक में प्रोफिशिएंसी व डिप्लोमा के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत प्रोफिशिएंसी इन अरेविक में 24 अगस्त को ग्रामर एंड कंपोजीशन की परीक्षा होगी। जवकि डिप्लोमा इन अरेविक में 25 अगस्त को ग्रामर, कंपोजीशन एंड टेक्स्चुअल स्टडी का पेपर रखा गया है। दोनों परीक्षाएं प्रथम पाली में सुवह 9 से दोपहर 12 वजे तक होंगी।

### लेफ्टिनेंट कमांडर बने प्रो. डीके सिंह

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के समाज कार्य विभाग के प्रो. डीके सिंह को गुरुवार को लेफ्टिनेंट कमांडर रैंक पर पदोन्नत किया गया है। उन्होंने हाल में नागपुर के कामटी स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी से रिफ्रेशर कोर्स पूरा किया है। इसके वाद उन्हें लेफ्टिनेंट रैंक से लेफ्टिनेंट कमांडर रैंक पर प्रमोशन मिला। प्रो. डीके सिंह एलयू की नेवल एनसीसी में 2004 से एनसीसी अधिकारी हैं।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए हरदोई के कॉलेजों का कुलपति ने किया औचक निरीक्षण



लखनऊ। सेमेस्टर परीक्षाओं को लेकर हरदोई जिले के परीक्षा केंद्रों पर वृहस्पतिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने औचक निरीक्षण किया। कुलपति के साथ डॉक्टर प्रोफेसर राकेश द्विवेदी हरदोई जिले के डॉ. हरि शंकर मिश्र महाविद्यालय, मलिहामऊ, हरदोई, विश्राम सिंह महाविद्यालय, दुर्गागंज, विलग्राम, हरदोई; एवं राम प्रसाद कुशवाहा महाविद्यालय, सांडी, हरदोई पहुंच कर निरीक्षण किया। इस दौरान कुलपति ने परीक्षा व्यवस्था एवं महाविद्यालय की अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य कुलानुशासक प्रोफेसर राकेश द्विवेदी, डीन सीडीसी, प्रोफेसर अवधेश त्रिपाठी एवं कुलानुशासक मंडल के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## LOKSATYA PAGE 3

### परीक्षाओं के लिए एलयू कुलपति ने किया निरीक्षण



लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने एलयू की सेमेस्टर परीक्षाओं के निरीक्षण के लिए हरदोई के डॉ हरि शंकर मिश्र महाविद्यालय, मलिहामऊ, विश्राम सिंह महाविद्यालय, दुर्गागंज, बिलग्राम, राम प्रसाद कुशवाहा महाविद्यालय, सांडी, हरदोई का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा व्यवस्था व महाविद्यालय की अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा व दिशा निर्देश दिये। मुख्य कुलानुशासक प्रो राकेश द्विवेदी, डीन सीडीसी, प्रो अवधेश त्रिपाठी एवं कुलानुशासक मंडल के अन्य सदस्य मौजूद थे ।